लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

Press Note 25 September 2020

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

आज दिनांक 24.09.2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के इक्यावनवें स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण के साथ-साथ वर्तमान कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत मास्क वितरित किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अपनी स्थापना के प्रारंभ से ही जनहितकारी कार्यों तथा जनसेवा को अपना मूल लक्ष्य बनाकर चला। तबसे लेकर आज तक इसने जनहित के क्षेत्र में अनेक मील के पत्थर स्थापित किये हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय ने भी जनकल्याणकारी कार्यों में पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। वर्तमान कोविड-19 के दौर में राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय ने जनजागरूकता अभियान, लोगों के बीच पहुँच कर मास्क वितरण तथा ग्लव्स एवं सैनिटाइजर वितरण, मास्क बैंक की स्थापना तथा जरूरतमंदों की मदद हेतु वालंटियर्स के साथ हेल्पलाइन नंबर की भी व्यवस्था की गई। आगे भी राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय जनहित के कार्यों को जारी रखेगा।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ राकेश द्विवेदी के अतिरिक्त डॉ ओ. पी. शुक्ला, डॉ महेन्द्र अग्निहोत्री, डॉ अलका मिश्रा, डॉ मोहिनी गौतम, डॉ राहुल पाण्डेय भी उपस्थित थे।